हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024

04 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान...



05 सर्दी का सिलसिला बरकरार, ठिठुरन...





### ग्राम बड़ागांव, गुदरावन, पीपलखेड़ी, कुशलपुरा में निकली अक्षत कलश यात्रा

# प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ ग्रामीण अंचलों में निकाली जा रही अक्षत कलश यात्रा







## घर-घर पीले चावल वितरण कर दिया जा रहा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलाल के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में अक्षत कलश यात्राएं निकाली जा रही हैं। जिसके चलते इन ग्रामों का वातावरण राममय बना हुआ है। यात्रा का ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह के साथ श्रद्धापूर्वक स्वागत कर अक्षत कलश की पूजा-अर्चना की जा रही है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तहसील के ग्राम गुदरावन, पीपलखेड़ी, बड़ागांव, कुशलपुरा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए अभिमंत्रित अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई। सभी ग्रामों में घर-घर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को टीवी के माध्यम से देखने के लिए पीले चावल भी बांटे गए।

ग्राम गुदरावन में बैंडबाजों व ढोल ढमाकों के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में फूलों से सुसज्जित पालकी में अभिमंत्रित अक्षत कलश रखे गए थे जिनका घर घर पूजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल ग्रामीणजन नाचते गाते चल रहे थे। इसी के साथ ग्राम में प्रत्येक घर पीले चावल बांटकर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने निमित्त अपने घरों पर दीपक लगाने, रांगोली से सजाने एवं मंदिरों में धार्मिक आयोजन के साथ ही समारोह को टीवी के माध्यम से देखने के आग्रह किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व महिलाएं शामिल थीं।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में सजाई अक्षत कलश की झांकी

अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बड़ागांव में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा खेड़ापति हनुमान मंदिर बावड़ी से शुरू हुई जो प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। कलश की ट्रैक्टर ट्राली में झांकी सजाई गई। हर घर के दरवाजे के बाहर महिलाओं, बालिकाओं व युवतियों ने रंगोली सजाई। अक्षत कलश यात्रा में भजन मंडली एवं सुंदरकांड मंडली ने भजनों के प्रस्तुति दी गई। सुंदरकांड समिति द्वारा चालित संगीतमय सुंदरकांड किया जा रहा था। यात्रा खेड़ापति हनुमान मंदिर बावड़ी से सुबह 10 बजे शुरू हुई व 3 बजे पुनः मंदिर पहुंची। यहां पर सामूहिक आरती व प्रसादी वितरण हुआ। यात्रा मार्ग पर आने वाले मंदिर के पुजारियों ने भी कलश की महाआरती की।

-

### पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया

तहसील के ग्राम पीपलखेड़ी में भी धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान घर-घर अभिमंत्रित अक्षत कलश का पूजन किया गया। जगह-जगह पर यात्रा का ग्राम वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान ग्रामवासियों से घर के मुख्य द्वार पर बंधनवार बांधकर इस दिन घरों पर भी आकर्षक रंगोली बनाएं की अपील की गई।

### घर आंगन में रंगोली बनाने किया आग्रह

कुशलपुर में अक्षत कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। युवा भगवा ध्वज लहराते श्रीराम की जय घोष लगा रहे थे। यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान मंदिरों और लोगों को अयोध्या से आए अभिमंत्रित अक्षत और पत्रक दिया जाकर निमंत्रण दिया गया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों से 22 जनवरी भगवान श्रीरामलाल के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के दिन अपने-अपने घरों में दीप उत्सव का आयोजन करने व छत पर भगवा ध्वज लगाने के साथ घर आंगन में रंगोली बनाने तथा आतिशबाजी कर इस दिन को दीपावली के रूप में मनाने का आग्रह किया।

# शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए शाला के समय में परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में शीतलहर एवं प्रतिकूल मौसम के दृष्टिगत शाला समय परिवर्तन के संबंध में जारी विभागीय समसंख्यक आदेश के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा 20 जनवरी तक के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रसिंह ठाकुर ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश अनुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय भी सुबह 10 बजे से संचालित किए जाएंगे। ऐसे शासकीय विद्यालय जो सुबह 10:30 से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे। कक्षा 8 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार होगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। ठाकुर ने बताया कि विकासखंड नलखेड़ा के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण

**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत माह जनवरी-2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण पात्र हितग्राहियों के खाते में आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आगर जिले में लाइव एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण किया जाएगा।

**नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम स्तर पर दिखाया जाएगा सीधा प्रसारण**

आगर जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने लाड़ली बहना योजना मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी नगरीय निकायों के वाड़ों एवं ग्राम स्तर पर दिखाएं जाने के लिए की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

## शुभम को सुयश, सीए परीक्षा की उत्तीर्ण



**नलखेड़ा।** नगर के शुभम खंडेलवाल ने नगर व परिवार को गौरवांवित करते हुए सीए फायनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने सीए बनने के सपने को साकार किया। उनकी इस सफलता पर परिजनों व इष्टमित्रों द्वारा उन्हें बधाइयां दी हैं। नगर के निवासी अशोक खंडेलवाल कुसुमलता खंडेलवाल के पुत्र शुभम खंडेलवाल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की चार्टर्ड एकाउंटेंसी (सीए) फायनल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नवंबर 2023 को हुई परीक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया, जिसमें शुभम उत्तीर्ण होकर सीए बन गए हैं।

## अब 31 तक होंगे यूजी-पीजी में प्रमोशन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सरकारी, प्राइवेट कॉलेजों में सत्र 2023-24 में छात्रों के एक कक्षा से अगली कक्षा में प्रमोशन के लिए एक महीने का समय और बढ़ाया गया है। विभाग ने निर्देश जारी कर अंतिम तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी है। कॉलेजों में स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रमोशन का कार्य संबंधित पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिवस की समय सीमा में किया जाने का नियम है, लेकिन विभिन्न विश्वविद्यालय समय पर रिजल्ट घोषित नहीं कर सके।

# 'वर्तमान समय में गुरुकुल में पढ़कर ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

जिले के आदर्श ग्राम रलायती में कामधेनु सनातन परिवार के नेतृत्व में संचालित गुरुकुल कामधेनु सनातन विद्यापीठ का तृतीय वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र और उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिक उत्सव में गुरुकुल के ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणीयों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं। प्रस्तुतियों में विभिन्न प्रकार के योग आसन, आत्म रक्षा के लिए लाठी और नियुद्ध कराटे का प्रदर्शन किया। समाज में व्याप्त कुरूतियों के उन्मूलन पर नाटक, लक्ष्य केंद्रित करने के लिए महाभारत काल के नाट्य दृश्य को अंग्रेजी और हिंदी भाषा में प्रस्तुति दी गईं। बच्चों द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद, श्रीराम शर्मा आचार्य, भगत सिंह के किरदार का अभिनय के माध्यम से बताया कि गाय बचेगी तो राष्ट्र बचेगा। गुरुकुल में पढ़कर ही बच्चों को संस्कारवान बनाया जा सकता है। वर्तमान समय में गुरुकुल में पढ़कर ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परमहंस डॉ. अवधेश पुरी महाराज उज्जैन, विशेष अतिथी विधायक मधु गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी भेरू सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य, सुरेश जी व्यास, गायत्री शक्ति पीठ शाजापुर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ट समाज सेवी प्रफुल्ल



निलोसे इंदौर, गायत्री परिवार नलखेड़ा से ओमप्रकाश तेजरा मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में सुजान सिंह, गोकुल सिंह, नारायण सिंह , गोकुल सिंह आर्य, जगदीश चौहान, प्रेम सिंह चौहान, दीपक शर्मा, सुरेश चौहान, रामेश्वर बगड़ावत, तोफान सिंह बगड़ावत, लाल सिंह का सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुकुल के छात्र और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर 12 को होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

### कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। इस दिन जिले की शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में सूर्य नमस्कार किया जाएगा, साथ ही जिला एवं पंचायत स्तर पर सुबह 9 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों में अधिकाधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएञ कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### घटिया निर्माण के चलते पसरी हुई है गंदगी, कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग में रिस रहा पानी

# लाखों की लागत से बना सुलभ कॉम्प्लेक्स बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासकीय कार्यों के निर्माण कार्यों में ठेकेदारों की लापरवाही व अनियमियताएं जग जाहिर हैं, लेकिन धार्मिक स्थलों के निर्माण कार्यों में भी अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए किस तरह पलीता लगा रहे हैं। ऐसा ही मामला विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए सुलभ कॉम्प्लेक्स में घटिया निर्माण कार्य के कारण यह शौचालय भक्तों की परेशानी का सबब बना हुआ है। उक्त कार्य की भक्तों द्वारा जांच करवाने की मांग की जा रही है। और संबधित ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।





स्थानीय नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्ग विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में 18 लाख 38 हजार 415 रुपये की लागत से डीलक्स सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया गया है, ताकि माता मंदिर आने वाले भक्तों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन इसके घटिया निर्माण कार्य के चलते यह भक्तों के लिए असुविधा कॉम्प्लेक्स बना हुआ है। इसके अंदर जो निर्माण कार्य किया गया है वह काफी घटिया किस्म का होकर गुणवत्ताविहीन है। इसके अंदर लगे दरवाजे फर्श व यूरीन बॉक्स घटिया क्वालिटी के लगाए जाने से वह अभी से जीर्ण शीर्ण होकर टूट रहे हैं। वहीं पानी की निकासी न होने से गंदगी वहीं पसरी रहती है, जिस वजह से वहा बदबू फैली रहती है जो की भक्तों को सुविधा न होकर असुविधा बना हुआ है। वहीं कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग में पानी रिस रहा है जो की इसके निर्माण कार्य की पोल खोल रहा है।

गौरतलब है कि सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में जहां यह सुलभ कॉम्प्लेक्स बनाया गया है, वहां प्रतिदिन हजारों एवं अवकाश के दिन अथवा पर्वो पर लाखों दर्शनार्थी दर्शनार्थ हेतु पहुंचते हैं। सिद्धपीठ पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की संख्या के मान से यहां सुविधाघर की उचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण दर्शनार्थियों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

### निरीक्षण करेंगे...

मेरे द्वारा सुलभ कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया जाएगा। निर्माण कार्य में अनियमियता पाई जाने पर उसे तुड़वाकर नवीन निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

**मिलिंद ढोके**, एसडीएम एवं अध्यक्ष मां बगलामुखी मंदिर समिति नलखेड़ा

**खबर संक्षेप**

## घर के बाहर खेल रहा बच्चा हुआ लापता

**देवास।** कलोनी में घर के बाहर खेल रहा बच्चा सोमवार शाम को गायब हो गया। परिजनों का आरोप है कि कोई उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। बच्चे को खोजने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई हैं। अब तक क्षेत्र में लगे 12 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा चुके हैं, लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चला है।ढ़ाचा भवन क्षेत्र में रहने वाली सफीका ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित सोयाबीन कंपनी में काम करती है। सोमवार सुबह काम पर निकली थी, तब दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। एक महिला जिसने लाल कलर की साड़ी पहन रखी थी, उसके साथ एक युवक भी था। वही पांच साल के बेटे अरशान को अपने साथ ले गई है। मुझे यह बात मेरे बड़े बेटे ने बताई है। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति व महिला पर अपहरण की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

## पेकी प्लाट पर लगी रोक हटाने को लेकर पवार ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**देवास।** पेकी प्लाट पर लगी रोक को हटाने को लेकर पार्षद वार्ड क्र. 11 नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पंवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। पत्र में बताया कि देवास शहर में काफी वर्षों से चल रही पेकी प्लाट की समस्या जिसके चलते नक्शे पास नही हो रहे, जिससे जनता काफी परेशान है। हर बार महापौर चुनाव मे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की जाती थी कि, शीघ्र ही देवास से पेकी प्लाट की समस्या को दूर किया जावेगा, लेकिन आज तक पेकी प्लाट की समस्या को दूर नही किया गया। राहुल पवार ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री से मांग की है कि, इस जटील समस्या को शीघ्र ही देवास से खत्म किया जाए, जिससे देवास जनता अपने छोटे प्लाटों पर भवन निर्माण कर सके। अन्यथा कांग्रेस पार्षद दल द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### नेहरू युवा केंद्र और खेल व युवा कल्याण विभाग का संयुक्त प्रयास

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को दिया प्रशिक्षण

**जागरूकता अभियान के तहत एएसआई सूबेदार ने विस्तृत जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त समन्वय से कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में खिलाड़ियों तथा सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को दुर्घटना से सजग रहने के लिये राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत ए.एस.आई सूबेदार गोविन्द सिंह ने विस्तृत जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया। ए.एस.आई सूबेदार गोविन्द सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करें। चौराहों पर लाल लाईट देखकर अवश्य रूकें, टू व्हीलर पर तीन व्यक्ति सवारी ना करें, रांग साइड न चलें, हेलमेट पहनें, तथा आगे जाने वाली गाड़ी के संकेतकों का विशेष ध्यान रखें, सड़क पर मोबाइल का उपयोग न करें। प्रधान आरक्षक गोपाल परमार ने युवाओं से यातायात का पालन करते हुए साथ चलने वाले वाहनों से सम्यक दूरी रखने की अपेक्षा की। आरक्षक ईश्वर पाटीदार ने सड़क पर चलने वालों विशेषकर सड़क क्रास करने वाले महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों, बुर्जगों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए उन्हें पहले रोड क्रास करने दें एवं व्यर्थ प्रेसर हार्न न बजाते हुए ध्वनि प्रदूषण का ध्यान रखें साथ ही रेड लाइट गाडी का इंजन बंद करते हुए ईधन की वचत तथा वायु प्रदूषण के प्रति सावधान रहें अन्यथा दिल्ली, कलकत्ता, चण्डीगढ़ की भांति सांस व आंखों की बीमारियों से सामना करना पडेगा। नशा करके वाहन चलाने वालों को नसीहत देते हुए कहा कि आपका परिवार आपका इंतजार कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन अनिल जैन ने किया।



कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव, जितेन्द्रसिंह गोस्वामी, हिन्द फौज एवं राहुल वर्मा उपस्थित थे। आभार जिला प्रशिक्षक वॉलीबाल जया सिंह ने माना।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक हुई संपन्न

**अधिक से अधिक सदस्य बनाएगा संघ**



**हाटपीपल्या।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत की हुई बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत जिला देवास की बैठक क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत महामंत्री रमेश दांगी की उपस्थिति में संपन्न हुई।संगठन मंत्री चौधरी ने कहा कि जिले एवं तहसील के सभी सदस्य एक-एक 1000 की सदस्यता ग्रहण करें एवं पूर्ण गांव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्यता ग्रहण करवाए।

यह वर्ष हमें लोगों के बीच जाने का अवसर है इसे हमें भूनाना चाहिए एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच कर सदस्यता करवाना चाहिए।सदस्यता अभियान को लेकर जिला बैठक निजी गार्डन में हुई। 15 दिसम्बर से सदस्यता अभियान चल रहा है अभी देवास जिले ने 10 हजार सदस्य बनाए हैं । 15 जनवरी तक सभी तहसीले अपना लक्ष्य पूरा करे। सदस्यता के काम में तेजी लाए जिले ने 1 लाख सदस्य करने का लक्ष्य लिया है जिसे हर हाल में पूरा करना है।

सभी तहसीलों से रसीद एवं राशि जमा की गई। प्रांत कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल, जिला जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह राजपूत, कार्यालय मंत्री केदारमल पाटीदार, राकेश जाट, नारायण मंडलोई, चंपालाल मुकाती, रामनारायण यादव, महेश पाटीदार, सर्वेश कलवा, मुकेश पाटीदार, प्रेम कारपेंटर, मनोहर राजपूत, बृजेश नागर शामिल हुए।

## वरिष्ठ नागरिक संस्था का निर्वाचन 25 जनवरी को

**देवास।** वरिष्ठ नागरिक संस्था का त्रिवार्षिक कार्यकारिणी का निर्वाचन 25 जनवरी को होना है। निर्वाचन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव हेतु एक-एक पद एवं कार्यकारिणी सदस्य हेतु 6 पद है। निर्वाचन कार्यक्रम में प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 10 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे होगा। मतदाता सूची में आपत्ति सुझाव व नाम जोडने की अंतिम दिनांक कार्यालयीन समय में 12 जनवरी तय की गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे किया जाएगा। मतदान केन्द्र संस्था कार्यालय रहेगा। मतदान प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। नाम निर्देशन पत्र का वितरण एवं प्राप्ति 15 एवं 16 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। नाम निर्देशन पत्रों की जाँच एवं समीक्षा 17 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से होगी। वैध उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे होगा। नाम वापसी 19 ओर 20 जनवरी को दोपहर 1 से 5 तक होगी। निर्वाचन लडने वाले अभ्यार्थियों को सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे से होगा। मतदान आवश्यक होने पर 25 जनवरी को 10.30 से 3.30 बजे तक होंगे।

**दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 11 और 12 जनवरी को:** देवास। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश अन्तर्गत दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 11 और 12 जनवरी को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में आई.टी.आई, 12वीं, स्नातक उर्त्तीण 18 से 30 वर्ष के आवेदक शामिल हो सकते है। दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव में निजी संस्थाओ व्ही.ई कमर्शियल देवास, भारतीय जीवन बीमा निगम देवास, रिलायन्स निप्पो इंश्योरेंस देवास, मॉ चामुण्डा कॉन्ट्रेक्टर देवास, आयपीएस कॉन्ट्रेक्टर, बीएबल इन्दौर, इप्का लेब्रोरेटरी देवास, सनफार्मा लेब्रोरेटरी देवास द्वारा आवेदको का साक्षात्कार लेकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## कर्मचारियों के लिए निरर्थक साबित हो रहा सार्थक एप


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पैरामेडीकल, नर्सिंग अधिकारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं, परंतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र ऐसे भी हैं जहां इंटरनेट का अभाव है, जहां से उपस्थिति दर्ज करना संभव नहीं है।

कर्मचारियों का कहना है की आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्यूटी समय की अनिश्चितता के चलते इसे स्वास्थ्य विभाग में लागू नहीं किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी ज्यादातर फील्ड क्षेत्र में सेवायें प्रदान करते हैं, जिससे उनकी प्रातःकालीन एवं सांयकालीन सेवाओं का स्थान एक समान नहीं रहता, जिससे एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज और एप से लागआउट होना संभव नहीं है। वहीं नर्सिंग आफीसर नाईट ड्यूटी करती हैं, जिससे एक दिन में लागईन होते हैं और दूसरे दिन तक ड्यूटी के कारण दूसरे दिन साफ्टवेयर में लागआउट की व्यवस्था नहीं है, जिससे असमंजस की स्थिति निर्मित हो रही है। 1 जनवरी से लागू हुआ साथर्क एप सार्थक साबित नहीं हो रहा है। फील्ड कर्मचारी एप से अपनी अटेंडेंस नहीं लगा पा रहे हैं। आफिस के कर्मचारी तो अटेंडेंस लगा पा रहे, लेकिन फील्ड के कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज नही कर पा रहे है कर्मचारियों ने सीएमएचओ से मिलकर कहा कि सभी सार्थक एप से अटेंडेंस लगाए। मंगलवार को कर्मचारियों ने सीएमएचओ आफिस में सीएमएचओ से मिलकर अपनी बात रखी। वहीं फील्ड के संविदा कर्मचारियों भी नेटवर्क सहित कई समस्याओं की बात सामने रखी गई।।

## जनपद सदस्य पाटीदार व सरपंच के लिए दांगी निर्वाचित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

पंचायत उपनिर्वाचन 2024 में संपन्न वार्ड नं 13 में जनपद पंचायत सदस्य हेतु आशिष पाटीदार ने 2628 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की तथा हुकुम कंठाली 1724 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। जनपद के वार्ड नं 21 स्थित उदयनगर सरपंच पद हेतु विजेन्द्र जीवन सिंह दांगी ने 354 मत प्राप्त कर 350 मत प्राप्त करने वाले सतीश हीरालाल दांगी को 4 वोट से हराया। नसीताराम रावत 347 वोट प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार बागली पीहू कुरील व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा की उपस्थिति व मार्गदर्शन में गणना पर्यवेक्षक व सहायक गणना अधिकारीगण ने मास्टर ट्रेनर वारिस अली व लोकेन्द्र परिहार के सहयोग से मतगणना निर्विघ्न संपन्न कराई। विजेताओं को निर्वाचन प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी कुरील ने प्रदान किया। यह जानकारी निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा ने प्रदान की। विजय घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित जनपद सदस्य आशीष पाटीदार का सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साथ ही आशीष द्वारा रैली के रूप में छतरपुरा में मतदाताओं के बीच पहुंचकर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आशीष पाटीदार का भी स्वागत किया।

## समाज सेवियों को मानवता रत्न से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जय माई की परिवार द्वारा मानवता रत्न सम्मान समारोह का आयोजन प्रयाग गार्डन मेंढडी रोड पर किया गया। सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक कार्यो के माध्यम से राष्ट्र, मानव समाज, जीव रक्षा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले समाज सेवियों को सम्मान पत्र, दुपट्टा एवं एक पौधा प्रदान किया गया। सम्मानित होने वाले समाज सेवियों में डॉ. महेन्द्र सिंह सोनगरा (चिकित्सा), श्री महेश सोनी (शिक्षा), जितेंद्र दुबे (शिक्षा), नयन कानूनगो (रक्तदान), मनोज श्रीवास्तव (शिक्षा), नम्रता क्षीरसागर (पशु सेवा), जितेन्द्र पटेल (रक्तदान), श्री हेमन्त शर्मा (शिक्षा), जयशंकर शर्मा (शिक्षा), चंद्रप्रकाश शर्मा (पत्रकारिता), किशोर पुष्पक (पर्यावरण), रूपा पटवर्धन (पशुसेवा), बसंत वर्मा (गौशाला), दिनेश चौधरी (वृद्धाश्रम सेवा), हीना राठौर (शिक्षा), अभिजीत देव (रक्त) को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए समाजसेवी अरुण तिवारी (गुरुदेव) के मुख्य आतिथ्य एवं विशेष अतिथि श्रीमती निर्मला जी तिवारी पूर्व शिक्षिका एवं पूर्व सैनिक ओमप्रकाश तिवारी द्वारा मानवता रत्न सम्मान प्रदान किया। सभी सम्मानित समाज सेवियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा ने किया तथा आभार योगेन्द्र सिंह कावल ने माना।

### शिविर में हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का दिया जा रहा है लाभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हो रहे शिविर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा

जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित हुए। शिविर में ग्रामीणजनों ने बढ़चढ़ भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये। केन्द्र सरकार की योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा” में किसानों की सुविधा के लिये बनाए गए एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। किसानों के समय की बचत और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिये एग्री ड्रोन का निर्माण किया गया है। ड्रोन के इस्तेमाल से खेतों में खाद या दवा का छिड़काव कम समय में किया जा सकेगा। साथ ही एक एकड़ फसल में खाद या अन्य कीटनाशकों का छिड़काव लगभग 15 मिनिट में किया जा सकेगा। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मध्यप्रदेश शासन के कृषि कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन क्रय करने में अनुदान दिया जायेगा। साथ ही ड्रोन ऑपरेट करने के लिये निर्माणकर्ता कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जिले में “विकसित भारत संकल्प यात्रा” में आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, ₹मेरी कहानी मेरी जुबानी₹ लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख- अनुभव साझा किया जा रहा है।

### यात्रा का उद्देश्य गांव के आखिरी पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को लाभ देना हैः सोनी

**चापडा।** पूरे भारत में केंद्र सरकार के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य गांव के आखिरी पंक्ति के व्यक्ति को योजना का लाभ देना है, इस यात्रा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है, साथ ही उनके आवेदन भी लिए जा रहे हैं, उक्त बातें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत अगुर्ली में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी ने कहीं। यहां पर सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राम सोनी ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। मंगलवार के दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत अगुर्ली पहुंची जहां पर शासकीय हाई स्कूल परिसर में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, सांसद प्रतिनिधि बहादुर सिंह सेंधव, उप सरपंच मिथुन सिंह सेंधव ,सरपंच छोटू मालवीय, जिला पंचायत सदस्य रूप सिंह धाकड़, जनपद सदस्य सुरपाल सिंह, धर्मेंद्र शक्तावत, दिलीप भारती, मुकेश जाट ,जितेंद्र सिंह पातावत ,मुकेश पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्ज्वला योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही दो छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## नगर जनहित सुरक्षा समिति ने श्वानों को पकड़ने के लिए मुहिम चलाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में आवारा श्वानों की संख्या बढ़ गई है। गली-मोहल्लों के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर भी आवारा श्वान राहगीरों पर लपकते हैं। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी इनसे भय बना रहता है। श्वानों के काटने के मामले भी अधिक आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 25 से 30 मामले इसी प्रकार के आ रहे हैं।गत दिवस नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस जिला चिकित्सालय पहुंचे तो यहां कई लोग श्वानों के काटने पर रैबिज का इंजेक्शन लगवाने के लिए आए थे। यहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन 25 से अधिक लोगों को रैबिज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। बैस ने बताया, कि शहर में आवारा श्वानों की संख्या बढ़ने से लोगों को खतरा महसूस हो रहा है। गली-मोहल्लों में से निकलने के दौरान ये वाहन पर लपकते हैं। नगर निगम द्वारा इन्हें पकड़ने के लिए मुहिम चलाना चाहिए। समिति के विनोदसिंह गौड़, सुभाष वर्मा, सुनीलसिंह ठाकुर, विजयसिंह तंवर, अनूप दुबे, तकीउद्दीन काजी, राजेंद्रसिंह गौड़ आदि ने नगर निगम प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### नगर में सजी गजक और पतंग की दुकानें

**आष्टा।** मकर संक्रांति का पर्व समीप आते ही नगर में गजक और पतंग की दुकानें सज कर तैयार हो चुकी है। जहां पर ग्राहकी भी देखी जा रही है। मकर संक्रांति पर्व इस बार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। सूर्य 14 जनवरी को अर्ध रात्रि 2.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से इस साल मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। इसलिए इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही हैं। अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा। मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा। नगर के मारुपुरा में कैलाश कुशवाह की पतंग दुकान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र वाली एवं वर्ष 2024 लिखी हुई एवं तिरंगा वाली पतंग अधिक बिक रही है। यहां पर 50 से लेकर 350 रुपए तक की पतंग बिक रही हैं। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक ने बताया कि इस साल की मकर संक्रांति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापारियों और कारोबारी लोगों को वस्तुओं की लागत कम होने से कुछ लाभ होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान किसी तरह का भय और चिंता बनी रह सकती है। लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मधुरता आएगी। अनाज के भंडारण में वृद्धि होगी। सूर्य आराधना का महापर्व मकर संक्रांति तारीख से 14 जनवरी को मनाया जाता है।

### नगर में हिल स्टेशन जैसा मौसम, 7 दिन से सुबह से रात तक घना कोहरा

# सर्दी का सिलसिला बरकरार, ठिठुरन और बढ़ेगी, दिन में जल रहे अलाव

### पीछले सात दिनों में लोगों को कभी कभार ही धूप देखने को मिली है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नए साल के पहले दिन से मौसम सर्द बना हुआ है। सात दिनों में लोगों को कभी कभार ही धूप देखने को मिली है। सुबह और शाम को घना कोहरा छा रहा है लेकिन शनिवार की तरह रविवार को सुबह से लेकर देर रात तक पूरा नगर कोहरे के आगोश में रहा। साथ ही सुबह से रिमझिम फुहारें तो कभी तेज बारिश भी होती रही। उत्तर-पूर्वी हवा के चलते पारे में भी तेजी से गिरावट आई है। आगामी 10 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान बताया है। कोल्ड डे पर लोग अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए।बारिश के बाद जिले में हाड़ कंपाने वाली सर्दी का दौर शुरू हो गया है। नए साल के बाद लगातार 5वें दिन सूर्य दर्शन नहीं हुए। कोहरे के बीच ओस गिरने से मौसम में ठंडक घुल गई है। पिछले छः दिनों से नगर के लोग सर्दी के कारण बेहाल हो रहे हैं। रविवार सुबह जब लोग जागे तो उनका सामना घने कोहरे से हुआ और शीतलहर भी चलती रही। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि 11 बजे तक कोहरा छंट जाएगा लेकिन समय के साथ कोहरा और भी घना होता गया, बारिश भी शुरू हो गई। सुबह 11बजे अचानक तेज हवा चलने लगी। इसके साथ कोहरा भी बढ़ता गया। आलम यह रहा कि करीब 50 मीटर दूर से आता हुआ वाहन भी नजर नहीं आ रहा था। इसके चलते वाहन चालकों को हेडलाइट चालू करना पड़ी। नेशनल हाईवे से गुजरने वाले वाहन भी धीमी रफ्तार में निकले। साथ ही दोपहिया वाहन सवार गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। रविवार को नगर का मौसम किसी हिल स्टेशन की तरह नजर आया। दोपहर के समय कई युवा बायपास और किला पर पहुंचे और सर्द मौसम का मजा लिया। यहां से पूरा नगर नजर आता है, लेकिन कोहरे के कारण पूरा नगर ढका हुआ नजर आया।

#### फसलों को बचाने के लिए करें धुआं

कृषि विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में शीतलहर और पाला पड़ने की आशंका है। ऐसे में रबी फसलों को नुकसान हो सकता है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा के मुताबिक पाले से फसलों को बचाने के लिए किसान खेत की मेढ़ पर धुआं करें। इससे फसलों में गर्माहट बनी रहेगी।

#### बच्चे और बुजुर्ग सर्दी से बचें

सर्द मौसम का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ता है। डॉक्टरों के मुताबिक इस मौसम में बच्चों को बगैर गर्म कपड़ों के घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। साथ ही खाने-पीने का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। वहीं बुजुगों को भी मॉर्निंग वॉक पर धूप निकलने के बाद ही जाना चाहिए। इस मौसम में कार्डियक अरेस्ट के मामले बढ़ जाते हैं। ऐसे में घर पर ही नियमित रूप से हल्का व्यायाम और योग करें। जहां तक हो सके गरिष्ठ भोजन से परहेज करें।

#### ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं

कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा के अनुसार अगले कुछ दिन और मौसम ऐसा ही रहेगा। आष्टा में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। नदी और तालाब कोहरे से ढंक गया था। शीतलहर चलने से सीवियर कोल्ड-डे जैसी स्थिति रही। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या पर असर दिखा। लोग घरों में दुबके रहे। लगातार पारा गिर रहा है लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से अभी तक स्कूलों की टाइमिंग बदलने या छुट्टी को लेकर कोई आदेश-निर्देश जारी नहीं किए गए। सुबह से घने कोहरे के कारण स्कूल वाहनों के हादसे का डर भी अभिभावकों को रहता है।यही वजह है कि अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से परहेज कर लिया है। घरों के अंदर हीटर और बाहर अलाव जलाकर लोग दिन काट रहे हैं।

## परमार कालीन मंदिर का दल ने किया निरीक्षण

### तकनीकि दल ने दिए निर्देश



**जावर।** देवबड़ला में पुरातत्व विभाग करीब 3 साल से खुदाई कार्य कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आष्टा ब्लॉक के भोपाल-इंदौर मार्ग पर मेहतवाड़ा के पास बिलपान गांव के देवबड़ला में पुरातत्व विभाग करीब 3 साल से खुदाई कार्य कर रहा है। यहां पर खुदाई में मूर्तियां निकली है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यहां पर पहले भी मंदिर बने हुए थे। पुरातत्व अधिकारियों के अनुसार सभी मूर्तियां परमार कालीन है, जिन्हें सुरक्षित रखा गया है। पुरातत्व विभाग यहां मंदिरों का निर्माण कर रहा हैं, जल्द ही यह स्थान ऐतिहासिक और प्राचीन पर्यटन स्थल के रूप में लोगों को देखने को मिलेगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत ने बताया कि सोमवार को देवबड़ला के मंदिर समूह का निरीक्षण तकनीकी दल के डॉ रमेश यादव ने किया। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी और डॉ रमेश यादव ने बताया कि मंदिर के बैक साइड की दीवार पूरी मजबूती के साथ बन रही है, ताकि भविष्य में ऊपर से मलबा मंदिर पर ना गिरे। मंदिर की सुरक्षा के लिए एक दीवार का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

मंदिर क्रमांक 3, 4, 5 के संबंध में सब इंजीनियर आजाद सिंह राजपूत, ध्रुवेंद्र सिंह जोधा से मैप लेकर कार्य योजना तैयार की जाएगी। देवबड़ला धरोहर भोपाल इंदौर हाईवे के पास बिलपान गांव के पास स्थित है। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां कभी वीरान जंगल रहता था, लेकिन पुरातत्व विभाग की मेहनत से अब यह स्थान खूबसूरत और भव्य बनता जा रहा है।

### सर्दी से बचने जगह-जगह जल रहें अलाव



**जावर।** शीतलहर के असर से प्रभावित जनजीवन नगर में कई जगह पर अलाव देखे जा रहे हैं नगरवा गांव में आमजन सभी कई लोग अलाव के आसपास देखें जा रहें हैं। नगर में आमजन देखें जा सकतें हैं। लगातार गिरते पारे की वजह से ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिससे बुजुर्ग व बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के अनुसार बच्चों को जल्दी स्कूल जाना पड़ रहा है । जबकि ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। ठंड को देख पुरे समय नागरिक गर्म कपड़े व अलाव आदि का सहारा लेते हुए नजर आए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्राम छिदगांवमोजी, चैनपुरा, चंदपुरा, दिघवाडा सहित अनेक ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं लाभान्वित और नागरिकों को जागरूकता किया जा रहा है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है।

### स्कूल में लगाई चित्रकला प्रदर्शनी



**श्यामपुर।** शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल खंडवा में आधुनिक कला एवीएन 21 वीं सदी पर आधारित कौशल के साथ पिरामल फाउंडेशन द्वारा स्वाति रानी के निर्देशन में चित्रकला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य हरबन्स पाठक, ग्राम पंचायत के सरपंच लीला किशन मुकति, नारायण सिंह चंद्रवंशी, पंचायत सह सचिव -घनश्याम वर्मा, उपसरपंच नारायण चंद्रवंशी सहित स्कूल परिसर स्कूल परिसर में समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## 1400 किमी की यात्रा एक महीने में पूरी कर अयोध्या पहुंचेंगे वीरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के एक युवा ने अपने मन में ठानी की आष्टा से 1400 किमी की पदयात्रा कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंच कर रामलला के दर्शन करें। इसी संकल्प के साथ 25 जनवरी को आस्था नगर से अपने तीन अन्य सहयोगियों को कर से रवाना कर पैदल यात्रा प्रारंभ की और अपनी मंजिल को 25 जनवरी तक पूर्ण करने का विश्वास है। नगर के युवा समाजसेवी एवं व्यवसाय वीरेंद्र राठौड़ उक्त पदयात्रा के लिए रवाना हुए हैं। जयपुर में माइनस दो डिग्री तापमान होने के पश्चात भी उनकी पदयात्रा जारी है। विदित रहे कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए देश भर में उत्साह व विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। लोग भी अयोध्या पहुंचकर समारोह में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे समारोह के पश्चात नगर से भी एक युवा वीरेंद्र राठौर पैदल अयोध्या के लिए रवाना हुआ है। जो करीब 1400 किमी का सफर तय कर भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में दर्शन करेंगे। श्री राठौर अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुए तो नगर के युवाओं व राम भक्तों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बताया हम व्यापार व्यवसाय करते हैं। पूरा देश भगवान के झोपड़ी से महल तक पहुंचने का जश्न मना रहा है। ऐसे में मैं भी भगवान के जश्न में शामिल होना चाहता हूं । इसके लिए 25 दिसंबर से पैदल यात्रा शुरू की है। जिसमें रोजाना करीब 40 से 45 किमी का सफर तय कर 1400 किमी की यात्रा की जाएगी। उन्होंने बताया यात्रा के दौरान राम भक्तों का प्यार मिल रहा है। जिस गांव से गुजर रहे हैं, वहां पर लोग पुष्पवर्षा कर स्वागत भी कर रहे हैं। जिससे यात्रा करने का हौसला अधिक बढ़ गया है। श्री राठौर के साथ सहयोग हेतु जगदीश मेवाड़ा, जितेंद्र राठौर एवं कमल मालवीय भी अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं।

## छात्रों ने मिलकर बनाया राम मंदिर का मॉडल




हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह देखा जा रहा है। सीहोर जिले के छोटे से गांव में पढ़ने वाले कक्षा छटवीं के छात्र-छात्राओं ने अयोध्या मंदिर का मॉडल बनाया। छात्राओं की इस कला की लोग जमकर सराहना कर रहे है। सीहोर जिले के गायत्री विद्या मंदिर महुआखेड़ी चौकी के छात्र कृष्णा और संदीप मीणा दोनों भाइयों ने मिलकर राम मंदिर का मॉडल बनाया है। दोनो क्षात्र ग्राम मानपुरा के रहने वाले है। सोशल मीडिया पर राम मंदिर का बनाया हुआ माडल का विडियों वायरल हो रहा है।

## शहीद भगतसिंह कॉलेज की चौखट पर पीले चावल और श्रीफल रखकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



लंबे समय से शहीद भगतसिंह शा. स्नातक महाविद्यालय आष्टा में विद्यार्थियों की समस्याओं को उठाने,धरना प्रदर्शन,आंदोलन के बाद भी समस्याओं का कोई निराकरण आज तक नही हुआ। आज छात्र नेता मनीष प्रजापति के नेतृत्व में परेशान विद्यार्थियों ने समस्याओं,मांगो को लेकर कॉलेज के द्वार पर पीले चांवल श्रीफल रख कर प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा को ज्ञापन सौपा।उक्त कॉलेज इस क्षेत्र का सबसे पुराना और बड़ा महाविद्यालय है ।

जिसमें 3 हजार के लगभग छात्र छात्रा अध्याय करते है । लेकिन महाविद्यालय में विगत 15 वर्षो से अधिक समय से अंग्रेज़ी एवं अन्य विषयो के नियमित शिक्षक का कोई पद नहीं है,जिससे छात्र छात्राओ को अध्ययन के समय काफी परेशानी होती है । महाविद्यालय के द्वारा अंग्रेज़ी एवं अन्य विषय का अध्ययन कराने हेतु जनभागीदारी से शिक्षक की नियुक्ति की जाती है। जिसके वेतन का भार महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थीयो को जनभागीदारी के शुल्क के रूप में देना होता है।

कई बार आवेदन निवेदन और प्रदर्शन के माध्यम से अवगत करा चुके है। इसके बावजूद भी कॉलेज की समस्याओ का समाधान अभी तक नहीं हुआ । इस लिये आज अब पीले चावल और श्रीफल देकर कॉलेज प्रशासन से उठाई गई सभी समस्याओ का समाधान करने का आग्रह किया एवं चेतावनी दी गई कि अगर कॉलेज प्रशासन इन माँगो पर जल्द ही विचार नहीं करेगा तो छात्र चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

प्रचार्य को ज्ञापन सौंपने के दोरान मनीष प्रजापति, प्रिंस कुशवाह, अनमोल जैन, पीयूष जैन, आशीष बागवान, निखिल मालवीय, पंकज मालवीय, अंश राठौर, दीपेश माहेश्वरी, पंकज राय, सोनू मालवीय, विवेक बिल्लौर, अंशुल ताम्रकार, चयन सोनी,मकुंद शर्मा एवं अन्य छात्र मोजूद थे।

### नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तारीख को 9 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए

# 83 मतदान केंद्रों पर 45666 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रदेश के सीहोर, जबलपुर, अशोकनगर एवं खंडवा चार जिला पंचायत अध्यक्ष विधानसभा चुनाव में चुनाव लड़कर विधायक बन चुके हैं। उनके वार्ड सदस्य के लिए अब चुनाव होना है ,जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया है। नाम वापसी के अंतिम दिन 9 लोगों ने अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कराए हैं तथा अभी तक कुल 14 लोगों के नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने वालों में विधायक के पुत्र महेंद्र सिंह भी शामिल है। जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 08 के पद के लिए महेंद्र सिंह इंजीनियर ने नामांकन दाखिल किया ।

जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह इंजीनियर के विधायक बनने के बाद रिक्त हुई जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 08 के चुनाव के लिए जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी के रूप में विधायक पुत्र महेंद्र गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा अपना फार्म भरा गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुमेर सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।शनिवार 30 दिसंबर से नामांकन जमा करने की तारीख निर्धारित की गई है।




अभी तक 1 नामांकन फार्म जमा हुआ है। मतदान की स्थिति निर्मित होती है तो 22 जनवरी को मतदान होगा। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए यह वार्ड आरक्षित है, जिसमें इस वर्ग के महिला या पुरुष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं। 4 जनवरी को भी 1 नामांकन फॉर्म सेवालाल सोलंकी निवासी शंकरपुर का जमा हुआ है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के कार्यक्रम में 30 दिसंबर से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का सिलसिला प्रारंभ हुआ है। अभ्यार्थी के द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 10 जनवरी रखी गई है। दोपहर 3 बजे तक निर्वाचन लड़ने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करना एवं निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 10 जनवरी को नाम वापसी के तत्काल पश्चात होगा ।अगर मतदान की स्थिति निर्मित होती है तो 27 जनवरी को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतगणना सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी तथा जिला पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना 25 जनवरी को प्रातः 8 बजे से होगी ।

जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का विकासखंड स्तरीय सारणीकरण 25 जनवरी को ही होगा तथा जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 27 जनवरी को की जाएगी। सूत्रों के अनुसार सीहोर जिले की आष्टा तहसील के वार्ड क्रमांक 8 से गोपाल सिंह इंजीनियर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़े थे और उसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष बने। उनके विधायक बनने पर उक्त अध्यक्ष का पद एवं वार्ड सदस्य का पद खाली हुआ है, वार्ड सदस्य का चुनाव कार्यक्रम जारी हुआ है।

#### खास बातें

- सेवालाल/भेरुलाल ग्राम शंकरपुर पोस्ट बमूलिया भाटी तहसील आष्टा
- सुनील कुमार/ जगदीश प्रसाद ग्राम अरनिया जौहरी पोस्ट छापर तहसील आष्टा
- जितेन्द्र/नरबत सिंह ग्राम मनीरामपुरा पोस्ट खाचरोद तहसील आष्टा
- महेन्द्र सिंह/गोपाल सिंह ग्राम मुल्लानी (मंगलपुर) पोस्ट गवाखेड़ा तहसील आष्टा
- प्रेम नारायण/ हमीर सिंह ग्राम पोस्ट छापर तहसील आष्टा
- दिलीप सिंह/नन्नू सिंह ग्राम गुराडिया वाज्याफ्त पोष्ट छापर तहसील आष्टा
- देवकरण सिंह/ धन्नालाल पगारिया हाट पोस्ट जसमत तहसील आष्टा
- कमल सिंह/लालजी बडोदिया गाडरी तहसील आष्टा
- धर्मेन्द्र परमार/ बाबूलाल ग्राम बुरानाखेड़ी पोस्ट धुराड़ाकला तहसील जावर
- शारदाबाई उमराव सिंह ग्राम काजीखेड़ी ग्राम पंचायत मुन्दीखेडी तहसील आष्टा
- राजकुमार/मोती सिंह म .नं . 13 अरनिया जौहरी पोस्ट छापर तहसील आष्टा
- यशवन्त/बाबूलाल ग्राम भूफोड तहसील आष्टा
- नाथुसिंह/उमराव सिंह ग्राम खामखेड़ा जत्रा कन्नौद मिर्जी तहसील आष्टा
- निश कुमार / गोपालसिंह ग्राम बागेर तहसील आष्टा

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए 335 बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**आष्टा।** 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए शुक्रवार 5 जनवरी को जनपद पंचायत आष्टा के सभा कक्ष में सभी 335 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान कर आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कानूनगो प्रदीप जायसवाल एवं निर्वाचन शाखा के प्रेमनारायण श्रीवास्तव ने उक्त प्रशिक्षण शिविर के दौरान बताया कि शनिवार 6 जनवरी 24 से लेकर 22 जनवरी तक शासकीय कार्य दिवस में सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा दावे ,आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। प्रशिक्षण दो पारियों में प्रदान किया गया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं इस दौरान मृत हुए या अन्य स्थान पर गए मतदाताओं के नाम निरसन करने के लिए सभी को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए।

### आमंत्रण व पीले चावल पाकर हुईं भावुक, अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोलीं बन गया रामलला का मंदिर

# जब 91 साल की भंवरी ने राममंदिर निर्माण के लिए सौंप दी थी अपनी दिनभर की मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



समर्पण के भाव प्रबल हो तो फिर किसी भी तरह का बंधन आड़े नहीं आता। यूं तो दान धर्म में सभी ने अपने अपने हिसाब से अयोध्या में निर्माण होने वाले राममंदिर के लिए अपना समर्पण कर सहयोग दिया, परंतु मजदूरी कर जीवन यापन करती आ रही 91 साल की भंवरीबाई की बात कुछ अलग है। अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण देखकर वह भावुक हो गई और अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोली - बन गया रामलला मंदिर ? तब वहां पर श्रीराम मंदिर अक्षत वितरण कार्यक्रम के नगर प्रभारी गोपाल सक्सेना ने बताया की आने वाली 22 तारीख को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने वाला है यह उसी का बुलावा है।

## 2021 में प्रकाशित समर्पण समाचार ,जब मजदूरी भी कर दी थी रामलाल मंदिर निर्माण को समर्पित

सुठालिया में रहने वाली भंवरीबाई अपने छोटे मोटे काम कर अपनी दिहाड़ी किया करती थी। आज भी उन्हें 22 जनवरी 2021 का वो दिन याद है जब वह 89 वर्ष की रही होगी उस समय उन्होने श्रीराम मंदिर निर्माण निधि में समर्पण करते हुए अपनी पूरे दिन की मजदूरी अर्पण कर दी थी। उस समय उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के ब्यावरा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं सुठालिया के गोपाल सक्सेना ने उनकी आर्थिक स्थिती देखते हुए उनसे मना भी किया की आप तो रसीद ले लो पैसे रहने दो परंतु भंवरीबाई की आस्था और समर्पण भाव के कारण उन्होने अपनी साडी के पल्लु में बंधे हुए सभी सिक्के गिनकर रामलला मंदिर निर्माण के लिए दान किए थे। जब उन सिक्को को समर्पण मंडल द्वारा गिना गया तो वह पूरे 10 रुपए थे।



समर्पण के लिए संपर्क, मंदिर निर्माण के लिए आगे आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान में उत्साह से समर्पण कर रहे लोग, सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिपं अध्यक्ष ने दी एक लाख से अधिक की राशि

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत जिलेभर में भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा समर्पण कराया जा रहा है। इसके लिए गांव- गांव, शहर व कस्बों में टोलियां पहुंच रही है और लोगों से मंदिर निर्माण के लिए समर्पण का आग्रह कर रही है। इसके अलावा विशेष संपर्क के दौरान जिले के गणमान्य लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के लिए लोग आगे आ रहे हैं और उत्साह से राशि का समर्पण भी कर रहे हैं। संपर्क के दौरान सांसद रोडमल नागर ने 1 लाख 11 हजार 101, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव ने 1 लाख 1 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर ने 1 लाख रुपए का समर्पण मंदिर निर्माण के लिए किया है। इनके अलावा भी जिले के कई लोग बड़ी राशि का समर्पण कर रहे हैं।

मोहल्लों में निकली रामभक्तों की टोली

विशेष संपर्क के अलावा तीर्थ क्षेत्र द्वारा समाज के हर तबके से राशि समर्पण का लक्ष्य लिया है। ऐसे में अभियान समिति से जुड़े कार्यकर्ता जिले के गांवों, कस्बों एवं शहर के मोहल्लों में संपर्क कर रहे हैं। लोगों से मंदिर निर्माण के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार समर्पण का आग्रह कर रहे हैं। न्यास द्वारा 10 रुपए, 100 रुपए और 1000 रुपए के कूपन और इससे अधिक राशि के लिए रसीद बुक भेजी है। जिनके माध्यम से संग्रह किया जा रहा है। गौरतलब है कि अभियान के तहत जिलेभर में 15 जनवरी से अभियान की शुरूआत हुई है। यह अभियान फरवरी माह तक चलने वाला है।

10 रुपए देकर कहा, मेरी राशि अयोध्या पहुंचाओ

भगवान राम के मंदिर निर्माण को लेकर समाज के हर तबके से लोग अपनी समर्पण राशि दे रहे हैं। सच्चे मन से मंदिर के शीघ्र बनने की प्रतीक्षा कर रहे है। सुठालिया में मंदिर निर्माण भाव जागरण के लिए वाहन रैली निकाली गई। इसमें सुठालिया निवासी एक वृद्धा ने अपनी गठरी में से 10 रुपए निकालकर कार्यकर्ताओं को दिए और कहाकि, मेरी राशि की रशीद बनाओ और अयोध्या तक पहुंचाओ। ताकि मंदिर निर्माण में मेरी भूमिका भी तय हो। कार्यकर्ताओं ने तत्काल उनके द्वारा दी गई राशि का कूपन उन्हें भेंट किया।

### 91 साल की भंवरी आमंत्रण देख हुई भाव विभोर

आज भले ही भंवरी बाई मेहर अस्वस्थ है उन्हें उठने बैठने में भी परेशानी हाती है परंतु उन्हें जैसे ही पता चला की राममंदिर निर्माण आने वाली 22 तरीख को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है इसीलिए आपको अयोध्या से पीले चावल लेकर आमंत्रण आया है तो उनकी आखें खुशी में नम हो गई। उन्होने उपस्थित लोगों से लडखडाती आवाज में पूछा, हो गया अयोध्या में रामलला के मंदिर का निर्माण। इस पर उपस्थित लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा की बात से अवगत कराया और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। इस समय खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीणा,कैलाश साहू, भावेश पालीवाल,बहादुर सेन, गौतम शर्मा, विशाल सरावत आदि मौजूद रहे।

## संस्था जय भारत ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

### मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई गोली का किया वितरण



**सारंगपुर।** नगर की समाज सेवी संस्था जय भारत द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों के लगभग 1900 मरीजों की जांच एवं दवाई गोली का वितरण निशुल्क किया गया तथा 100 से अधिक नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद सुनील बागवान, अनूप पालीवाल, सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

#### हजारों मरीजों का हुआ पंजीयन

संस्था जय भारत द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हड्डी रोग शुगर ब्लड प्रेशर हृदय रोग नेत्र रोग दंत रोग नाक कान गला रोग मानसिक रोग छाती एवं स्वास्थ्य रोग शिशु रोग स्त्री रोग सहित अन्य बीमारियों के लगभग 1900 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के डॉक्टरों द्वारा पंजीकृत सभी मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई गोली का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान संस्था जय भारत के डॉक्टर नितेश मिश्रा प्रकाश चैरसिया मयंक श्रीमाल पंकज शर्मा प्रखर विजयवर्गीय कमल चौरसिया राहुल राठौर लखन चौरसिया प्रकाश विजयवर्गी विशाल चौरसिया सुनील प्रजापति सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### जीरापुर की रूपाहेड़ा पंचायत का मामला

## रोजगार सहायक के हाथ से मस्टर छीनकर फाड़े, की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर- राजगढ़

जीरापुर जनपद की रूपाहेड़ा ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करते हुए शासकीय मस्टर आदि फाड़ दिए गए। पीड़ित रोजगार सहायक ने इस बारे में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार रूपाहेड़ा के रोजगार सहायक रामबाबू दांगी गत दिवस गांव में ही शासकीय कार्य कर रहे थे। इस दौरान गांव के शैलेंद्र राजपूत ने उनसे पैसों की मांग की। रोजगार सहायक दांगी ने बताया कि शैलेद्र अक्सर रुपए, पैसों की मांग करता रहता है। जब उन्होंने पैसे नहीं दिए तो मारपीट करते हुए मस्टर रोल फाड़ दिए। पुलिस ने षिकायत के बाद शैलेंद्र राजपूत पर शासकीय काम में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

#### सौर ऊर्जा प्लांट से प्लेट्स चोरी

गागोरनी स्थित सौर ऊर्जा प्लांट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 30 हजार रुपए कीमती केबल एवं एमसी कनेक्टर चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट के पंकज गुर्जर की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शिविरों का हुआ आयोजन



**अशोकनग।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अंतर्गत जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बाहुल्यं ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी बस्ती धनवारा ग्राम पंचायत अंघौरा दीवान, ग्राम बख्तर, ग्राम शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम बख्तर में आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। ग्राम शंकरपुर में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के लिए संयुक्त दल द्वारा आवेदन भरे गये। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 31 बिन्दुओं पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही एवं शेष हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित की गई।

### 1 हजार से ज्यादा किमी की यात्रा दौड़कर होगी पूरी, ब्यावरा पहुंचने पर युवाओं ने किया स्वागत

## इंदौर से 14 दिन में दौड़कर अयोध्या पहुंचेगा कार्तिक



**ब्यावरा।** 5 जनवरी को इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर से 1008 किलोमीटर की पैदल दौड़कर यात्रा का लक्ष्य 14 दिनों में पूरा करने का संकल्प लेकर इंदौर के कार्तिक जोशी राम लाल की धरती पर पहुंचेंगे। कार्तिक जोशी का ब्यावरा पहुंचने पर ब्यावरा के युवा मयूर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, तनु गुप्ता, राहुल गुप्ता, आदित्य सिघी अंशु गुप्ता विजय साहू आदि युवाओं ने अयोध्या जाने वाले युवा कार्तिक जोशी का माला पहनकर भगवा दुपट्टा पहन कर उसका अभिनंदन किया व उसकी यात्रा सफल हो ऐसी सभी युवाओं ने कामना की।

इस दौरान अयोध्या की 1008 किलोमीटर दौड़कर यात्रा कार्तिक जोशी से चर्चा में उन्होंने बताया कि मैंने यह यात्रा 5 जनवरी से इंदौर के रंजीत हनुमान मंदिर प्रारंभ करती मेरा लक्ष्य 1008 किलोमीटर चलने का है जिस प्रकार श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद घर पहुंचे थे, उसी प्रकार मेरा लक्ष्य भी 14 दिनों में अयोध्या की पावन धरती पर पहुंचने का रहेगा। हमारे पूरे बुजुर्ग 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए तरस गए थे। आज हम युवाओं को वह अवसर देखने को मिला है राम लाल अयोध्या में भाव मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। यह हम सब देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है इतिहास लिखा जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या से मेरा लक्ष्य 14 दिनों में यात्रा पूरा करने का है मेरे साथ परिवार के लोग भी चल रहे हैं भगवान श्री राम की पावन धरती अयोध्या में पहुंचकर मेरा जीवन धन्य होगा और सभी से में देशवासियों से अपील करना चाहूंगा कि सभी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचे और सभी की मंगल कामना के लिए भी मैं यह प्रार्थना करूंगा।

### जय श्रीराम के नारों से गूंजी गलियां, दुर्गा वाहिनी की बहनें ध्वज पताका लेकर निकलीं

## हिन्दू जागरण मंच विरांगना वाहिनी ने निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



हिंदू जागरण मंच की प्रांत सह आयोजक रिचा मिश्रा के सानिध्य में सभी बहनों को आत्म रक्षा के गुर सिखाते हुए लव जिहाद पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व नगर में रविवार को भगवा ध्वज के साथ हिंदू जागरण मंच के बैनर तले विरांगना वाहिनी की हजारों बहनों ने नगर में विशाल पथ संचलन निकाला।

उक्त जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक गगन सोनी ने बताया कि धर्म रक्षार्थ विरांगनाओं द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की स्थापना के पूर्व विश्व हिंदू परिषद पूजित अक्षत चावल घर घर देकर निमंत्रण दे रहे हैं। वहीं हिंदू संगठन के जागरण मंच के द्वारा अलग अलग रूप से जन चेतना जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी सनातन धर्मियों को 22 जनवरी को अपने अपने घरों में रामलाला उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रविवार को नगर के मुख्य मार्गो पर विरांगना वाहिनी की बहनों ने अपने हाथों में भगवा पताका तथा शस्त्र लेकर जय श्रीराम के नारे लगा रही थीं। वहीं पथ संचलन के आगे बाइक पर बड़े बड़े भगवा पताका तथा पीछे विजय रथ के साथ मनमोहक पथ संचलन को देखकर हर कोई मोहित होते हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। दुर्गा वाहिनी के पथ संचलन का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ विजेंद्र नागर,प्रमोद सोनी,जनपद अध्यक्ष देव नारायण नागर, प्रमोद सोनी, कपिल पुष्पद सहित विरांगना वाहिनी की बहने मौजूद थी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से एसडीओपी अरविंद्र सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान अपनी टीम के साथ थे। किया स्वागत तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री गौतम टेटवाल के निवास के बाहर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और जय श्री राम के जयकारों से किया स्वागत। स्वागत करने वालों में भाजपा जिला संयोजक कानूनी और विधि प्रकोष्ठ अमित सक्सेना, पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पुष्पद, कमलेश टेंटवाल, बाबूलाल मालवीय, बद्रीलाल बैंड, ओम पुष्पद, हुकम अहिरवार, अनिल जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व क्रिकेटर पासी की स्मृति में एसपीसीएल का शुभारंभ

## पहले दिन चार मुकाबले, मैन ऑफ द मैच बने अशद पठान, रायसेन टीम स्पर्धा से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶विदिशा



पूर्व क्रिकेटर स्व. संतोष पासी की स्मृति में जैन कॉलेज ग्राउंड पर एसपीसीएल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें पहला मैच न्यू शिव मंदिर बनाम राइजिंग स्टार विदिशा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू शिव मंदिर ने 101 रन का लक्ष्य राइजिंग स्टार के लिए दिया। जिसका पीछा करते हुए मात्र 72 रन बना पाई राइजिंग स्टार और मैच हार गई।

मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अशद पठान को मन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला रायसेन यूथ बनाम आरसीवी के मध्य खेला गया। रायसेन यूथ ने 70 रन का पीछा करते हुए मात्र 6.1 ओवर में 4 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला तानिस्क 11 भोपाल बनाम यंगस्टर बासौदा के मध्य खेला गया। जिसमे भोपाल ने 111 रन का टारगेट यंगस्टर बासोदा को दिया। जिसका पीछा करते हुए यंगस्टर बासौदा मात्र 46 रन बना पाई और मैच गवां दिया।

दिन का अंतिम और दूसरे राउंड का मुकाबला तनिष्क 11 भोपाल बनाम रायसेन यूथ के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने 83 रन का टारगेट दिया। जिसका पीछा करने उतरी रायसेन यूथ 71 रन ही बना पाई और 12 रन से हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हुई।

### गीतकार सुशील सारंग के भजनों को 10 हजार लोगों ने सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



विद्याभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अंचल के लोकप्रिय चित्रकार, संगीतकार एवं कवि सुशील सारंग ( व्यास ) यूं तो अपने द्वारा सृजित गीतों और भजनों के माध्यम से चर्चा में रहते ही हैं। परन्तु इन दिनों श्रीराम जन्म-भूमि पर नव-निर्मित भव्य-नव्य मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर केंद्रित आपके अनेक गीत सोशल मीडिया पर धूम मचाये हुए हैं। सुशील सारंग के अधिकांश गीतों को मालवांचल के उभरते गायक जीवन योगी ने संगीतबद्ध किया है व अपना स्वर दिया है, वहीं आगरा के सुप्रसिद्ध गायक प्रवीण शर्मा ने भी आपके अनेक गीतों को अपना स्वर दिया है। पीले चावल घर घर आये व ष्धन्य धरा है अवधपुरी की -जीवन योगी द्वारा गाये इन गीतों को जहाँ अभी तक दस हजार से भी अधिक लोग पसंद कर चुके हैं, वहीं प्रवीण शर्मा द्वारा गाये गए-बुला रही है धरा अवध की गीत के प्रशंसकों की संख्या भी लगभग इतनी ही है। ज्ञात रहे कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सुशील सारंग को उनके मध्यप्रदेश से सम्बंधित गीत हेतु सम्मानित किया है। सुशील सारंग गीत गाते हुए चित्र बनाने की कला में माहिर हैं। सुशील सारंग की यह साधना अंचल के निवासियों को गौरव की अनुभूति कराती है।

### मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज, तो वेस्ट बल्लेबाज नंदू और वेस्ट बॉलर का खिताब रहा शादाब के नाम

## बिग बैश लीग सीजन 3 में कांटे के मुकाबले में सीएसके रहा विजेता, एलएमसीसी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



नगर के स्टेडियम में चल रही बिग बैश लीग सीजन 3 का आयोजन 31 दिसंबर से चल रहा था। शहर व आसपास के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट हमेशा से आर्कषण का केंद्र रहा है। सोमवार को खेले गए मुकाबलों के लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम दिन तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मुकाबला बागवान पैन्थर और एलएमसीसी टीमों के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर जैसे इस मुकाबले में एलएमसीसी ने जीत हासिल की। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला मून लाइट और एलएमसीसी के बीच हुआ। इसमें भी एलएमसीसी ने मून लाइट टीम को चलता किया और शानदार जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को सीएसके और मून लाइट के बीच खेला गया था, जिसमें सीएसके ने यह मुकाबला आसानी से जीतकर पहले ही अपनी जगह फाइनल में बना ली थी।

#### मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज

बिग बैश लीग 3 में सीएसके टीम के खिलाड़ी शाबाज खान टूर्नामेंट के मेन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। वहीं बेस्ट बल्लेबाज के रूप में नंदू ने अपना लोहा मनवाया। बेस्ट बॉलर के रूप में शादाब और बेस्ट फील्डर असीम खान रहे।

#### विजेता, उपविजेता और मेन ऑफ द सीरीज को मिली ट्रॉफियां

विजेता टीम सीएसके को 60 हजार का प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम को 40 हजार का इनाम दिया गया। विजेता और उपविजेता ट्रॉफी अजय शर्मा जी प्रेस्टीज कॉलेज द्वारा दी गई । मेन ऑफ द सीरीज में 21 इंच एलईडी टीवी आनंद त्रिपाठी द्वारा दी गई।



#### विजेता टीम ने निकाला शहर में विजयी जुलूस

बैसे तो बैश लीग सीजन 3 सभी क्रिकेट मैच राजगढ़ शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाडियों का खूब उत्साह वर्धन करते हुए फायनल मैच का आनंद लिया। वहीं विजेता टीम ने शहर में अपना विजयी जुलूस निकालते हुए सभी क्रिकेट प्रमियों का आभार प्रकट किया।